श्रद्धा से बुलाकर देखो दौड़ा आएगा भजन लिरिक्स

श्रद्धा से बुलाकर देखो,
दौड़ा आएगा,
ये तीन बाण का धारी,
रुक नहीं पाएगा।bd।

तर्ज – सपने में रात में आया।

है भाव का भूखा बाबा,
ना मांगे भोग चढ़ावा,
दुशाशन को ठुकराया,
घर साग विदुर के खाया,
मन के सच्चे भावों को,
ना ठुकराएगा,
ये तीन बाण का धारी,
दौड़ा आएगा।bd।

जब नरसी जी ने पुकारा,
उन्हें जाकर दिया सहारा,
घनश्याम भतेया बनके,
नरसी के पहुंचे घर पे,
आँखों में किसी के आंसू,
देख ना पाएगा,
श्रद्धा से बुलाकर देखों,
दौड़ा आएगा।bd।

मीरा ने पिया विष प्याला,
उसको अमृत कर डाला,
जब गज ने इन्हें पुकारा,
मृत्यु से उसे उबारा,
कहे 'राज अनाड़ी' सबकी,
बिगड़ी बनाएगा,
श्रद्धा से बुलाकर देखों,
दौड़ा आएगा।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com
श्रद्धा से बुलाकर देखो,

दौड़ा आएगा,
ये तीन बाण का धारी,
रुक नहीं पाएगा।bd।

Singer – Diksha Sharma

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com